आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 04 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से की समीक्षा बैठक। कहा–पर्व–त्योहारों तथा मेलों में स्वच्छता, सुरक्षा और सतर्कता होनी चाहिए सर्वोच्च प्राथमिकता।
- प्रदेश में आज से शुरू हो रहा है विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का मुख्य अभियान। घर–घर जाकर गणना प्रपत्र बांटेंगे बीएलओ।
- अमरोहा के गंगाधाम तिगरी कार्तिक मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़। कल तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रतिबंधित रहेगा भारी वाहनों का प्रवेश।
- देव दीपावली पर वाराणसी में होगा भव्य दीपोत्सव। आतिशबाजी और लेजर शो के जरिये प्रदर्शित होगी गंगा की महिमा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आयोजित एक बैठक में प्रदेश की कानून–व्यवस्था, आई.जी.आर.एस., सी.एम. हेल्पलाइन, आगामी त्योहारों की तैयारियों, धान खरीद और स्वास्थ्य सेवाओं सहित कई विषयों की वचुर्अल माध्यम से समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा, देव दीपावली, गुरु नानक जयन्ती, बलिया के ददरी मेला और गढ़मुक्तेश्वर मेला के तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी पर्व–त्योहारों और मेलों के अवसर पर प्रदेश में 'स्वच्छता, सुरक्षा और सतर्कता' सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घाटों पर पर्याप्त प्रकाश, फ्लोटिंग बैरियर, सी.सी.टी.वी. कैमरे, स्वास्थ्य उपकेन्द्र, मोबाइल टॉयलेट, खोया–पाया केन्द्र और चेंजिंग रूम जैसी सुविधाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि संवेदनशील स्थलों पर ड्यूटी के दौरान 'रील' बनाने वाले पुलिसकर्मियों की तैनाती कतई न की जाए, ताकि जनसेवा के कार्य में अनुशासन और मर्यादा बनी रहे। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

मुख्यमंत्री ने कहा कि धान की खरीद बिना किसी बाधा के पूरी की जाए और किसानों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि खाद एवं उन्नत बीजों की पर्याप्त उपलब्धता हर जिले में होनी चाहिए। हाल की बारिश से प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वेक्षण कर बिना देरी के मुआवजे का भुगतान भी कराया जाए। अवैध खनन को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष टीम गठित कर औचक निरीक्षण कराए जाएं।

**********

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में आज से विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान शुरू हो रहा है। एक रिपोर्ट–

**राज्य में लगभग बाइस सालों बाद विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू हो रहा है। अभियान के सबसे अहम चरण के क्रम में बीएलओ घर–घर जाकर दो प्रतियों में गणना प्रपत्र देंगे। प्रपत्र में वोटर का नाम, एपिक संख्या, क्रम संख्या और विधानसभा क्षेत्र का नाम पहले से ही लिखा होगा। मतदाता को अपनी जन्मतिथि, आधार संख्या, मोबाइल नम्बर, माता–पिता का नाम व उनका एपिक नम्बर, पति–पत्नी का नाम व एपिक नम्बर भरना होगा। गणना पत्र बांटने और भरे हुए वापस लेने की समय सीमा चार दिसम्बर तय की गई है। नौ दिसम्बर को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशित किया जायेगा और इसके बाद दावे, आपत्तियां ली जायेंगी। प्रदेश में फिलहाल लगभग पंद्रह करोड़ चौवालीस लाख मतदाता हैं। राज्य में एसआईआर एक लाख बासठ हजार चार सौ छियासी बूथों पर शुरू होगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फजल इनाम।**

**********

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने कल वर्चुअल माध्यम से प्रयागराज के राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्ताइसवें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। इस दौरान श्रीमती पटेल ने राज्य की ग्रामीण महिलाओं तक उच्च शिक्षा की पहुंच को आसान और व्यापक बनाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय ज्ञान परम्परा को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी। समारोह को मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रदीप साहनी और राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत्यकाम ने भी संबोधित किया।

**********

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक एआई वीडियो का खंडन किया है। इसमें दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निवेश मंच पेश किया है जो इक्कीस हजार रुपये के निवेश पर साढे तीन लाख रुपये प्रति माह का वादा करता है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि प्रधानमंत्री या सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना शुरू या समर्थित नहीं की गई है।

**********

अमरोहा जिले के गंगा धाम तिगरी में चल रहे कार्तिक पूर्णिमा मेले में आ रही भारी भीड़ के मद्देनजर कल से राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बताया कि कल रात बारह बजे तक भारी वाहन वैकल्पिक रास्ते से होकर जायेंगे। श्री आनन्द ने बताया कि आज दोपहर बारह बजे से सभी तरह के वाहनों पर पाबंदी रहेगी, लेकिन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा।

**********

कल वाराणसी में देव दीपावली पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन होगा। गंगा घाटों पर देव दीपावली समितियों द्वारा एक साथ लाखों दीये जलाए जाएंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**काशी में इस बार देव दीपावली का भव्य आयोजन होगा। 21 अर्चक और 42 देव–कन्याएं एक साथ महाआरती करेंगी। गंगा आरती के दर्शन के लिए करीब दो लाख श्रद्धालु घाटों और नावों पर मौजूद रहेंगे। देव दीपावली की शाम गंगा पार करीब 15 मिनट तक आतिशबाजी चलेगी, जबकि तीन शिफ्ट में एक घंटे तक लेजर शो का शानदार प्रदर्शन होगा। 3–डी प्रोजेक्शन मैपिंग और लेजर शो में काशी की संस्कृति, गंगा की महिमा और विश्वनाथ नगरी की आस्था को प्रदर्शित किया जाएगा। देव दीपावली पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। पूरे क्षेत्र को 10 जोन, 21 सेक्टर और 31 सब–सेक्टर में विभाजित किया गया है। 2500 पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ ड्रोन टीम निगरानी रखेगी, ताकि किसी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। भीड़ बढ़ने पर मार्ग बंद कर ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।**

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा बाइस सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव के तहत लागू की गईं संशोधित जीएसटी दरों से देश भर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने आवास और निर्माण क्षेत्र को बड़ी राहत दी है। नए कर ढांचे में सरकार ने प्रमुख निर्माण सामग्री और सेवाओं पर जीएसटी दरें घटाकर 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत कर दी हैं। कर सुधारों के बाद अब संगमरमर और ग्रेनाइट ब्लाकों पर 12 प्रतिशत की जगह केवल पांच प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इसी तरह सेंड लाइन ईटों पर भी कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। नए जीएसटी सुधारों और बुनियादी ढांचे को अधिक के किफायती बनाने के साथ–साथ एमएसएमई को सशक्त करने, नए जीएसटी सुधार, घरों और बुनियादी ढांचे को और अधिक किफायती बनाने के साथ–साथ एमएसएमई को सशक्त करने, रोजगार सृजित करने और बुनियादी ढांचे में निजी निवेश को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समर्थ और रोहन के साथ सकलेन अखतर, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

बाराबंकी के देवा–फतेहपुर मार्ग पर देवा थाना क्षेत्र में कल देर शाम एक ट्रक और कार की आमने सामने हुई टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर तौर से घायल हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया।

**********

प्रदेश में ठंड का असर दिखने लगा है। कई जिलों में सुबह शाम हल्के कोहरे के साथ हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी संभाग में आज भी कहीं कहीं हल्के से लेकर मध्यम कोहरे की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक आगामी नौ नवम्बर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही अगले छत्तीस घंटों के भीतर न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की मामूली बढ़ोत्तरी होगी। इसके बाद न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना भी व्यक्त की गई है।

**********